तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 10 मार्च 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

13 रसायन शास्त्र के व्याख्याताओं के लिए गुजरात में...

14 संस्कार के बिना शिक्षा का कोई अर्थ नहीं : कल्पना



# इस बार हर्बल रंग-गुलाल की मांग ज्यादा, पर कैमिकल वाले रंगों से भी पटा बाजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

होली पर्व को लेकर बाजार में दुकानें सज गई हैं, लेकिन त्यौहारी सीजन में जहां शासन प्रशासन नकली मिठाई और अन्य नकली सामानों को लेकर सजग रहता है, पर होली के पर्व में चेहरे और शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले केमिकल मिले अमानक और हानिकारक रंगों को लेकर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है ।

बाजार में थोक से लेकर चिल्लर दुकानों में अमानक रंगों की बेखौफ बिक्री हो रही है । प्रशासनिक अमल को इस मामले को लेकर सजग होने की दरकार महसूस हो रही है । बता दें कि बाजार में रंग बिरंगी पिचकारी व विभिन्न रंग के गुलाल तथा नगाड़े की दुकान सज गई हैं। वहीं होलिका दहन को लेकर भी शहर के गली मोहल्ले में तैयारियां शुरू हो गई है। हर साल की तरह इस साल भी हर्षोउल्लास के साथ होली मनाने की तैयारी है। फिलहाल थोक दुकानों सहित छोटी बड़ी दुकानों में होली के सामानों की बिक्री शुरू हो गई है । पिछले कुछ साल से बाजार में केमिकल युक्त गुलाल की बिक्री में हालांकि कमी आई है वही हर्बल गुलाल की मांग ज्यादा दिख रही है उसके बावजूद मुनाफा कमाने के चक्कर में कुछ व्यापारी केमिकल युक्त गुलाल एवं रंग को बेधड़क रूप से बेचने का कार्य करते हैं ।

## होलिका दहन 13 को, रंग-गुलाल, पिचकारी और नगाड़ों की दुकानें सजीं



**10 से 500 रूपए तक की पिचकारी उपलब्ध-** दुकानदारों का कहना है कि अब ग्राहक नए रंग के गुलाल की मांग कर रहे हैं उनकी मांग को ध्यान में रखकर नए रंग के गुलाल मंगाए गए हैं, इस बार हर्बल गुलाब ज्यादा मात्रा में मंगाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि इसके अलावा बाजारों में कई तरह की पिचकारी भी बिक रही है 10 से 500 रूपए तक की पिचकारी बाजार में उपलब्ध है। बंदूक, राफेल, प्रेशर पिचकारी सहित तमाम प्रकार की डिजाइन की पिचकारी बिक रही है। होली के 1 दिन पूर्व यानी 13 मार्च की रात होलिका दहन होगा होलिका दहन की तैयारी में लोग एक तरह से जुट गए हैं।

### होलाष्टक प्रारंभ, नहीं होंगे शुभ कार्य

विगत 7 मार्च से होलाष्टक लग गया है, जो 15 मार्च को समाप्त होगा। होलाष्टक की इस अवधि में कोई भी शुभ कार्य नहीं होंगे। होलाष्टक के दौरान पूजा पाठ तप, ध्यान करना शुभ माना जाता है। होलाष्टक में श्री हनुमान, भगवान विष्णु और नरसिंह भगवान की पूजा करने का विधान है। पंडित सुधीर शुक्ला ने बताया कि होलाष्टक के दौरान श्री सूक्त पाठ और मंगल ऋण मोचन स्त्रोत का पाठ करने से कर्ज से छुटकारा मिल जाता है और सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है, लेकिन होलाष्टक के दौरान किसी भी तरह के मांगलिक और शुभ कार्यक्रमों की मनाही होती है। इस दौरान नए घर का निर्माण या फिर गृह प्रवेश नहीं किया जाता। सोना चांदी, वाहन आदि खरीदने की भी मनाही होती है। इस दौरान नए व्यापार या फिर कोई अन्य काम की शुरुआत नहीं की जाती। शादी विवाह मुंडन सहित अन्य 16 संस्कार की भी मनाही होती है।

## खबर संक्षेप

### सट्टा-पट्टी के साथ युवक पकड़ाया, नकद जब्त

**बालोद/दल्लीराजहरा।** थाना दल्लीराजहरा में अवैध जुआ, सट्टा, शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत रेलवे स्टेशन के सामने शीतला मंदिर के पास वार्ड क्रमांक 25 जगजीवन राम वार्ड राजहरा थाना राजहरा निवासी आरोपी संतोष पठारिया पिता अमृतलाल पठारिया 39 वर्ष को सट्टा पट्टी लिखते रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक कागज में अंकों के सामने रूपये पैसों का दांव लगाकर लिखी सट्टा पट्टी पर्ची एक डाट पेन एवं नगदी रकम 4100 रूपये को जब्त कर आरोपी के विरूध्द धारा 4क जुआ एक्ट एवं छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत कार्रवाई की गई है।

### धारदार हथियार दिखाकर डराने वाले धरे गए

**भिलाई।** लोगों को धारदार हथियार दिखाकर लोगों को डराने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि बेलदार पारा दुर्ग निवासी सादर बेलदार, पंचशील नगर दुर्ग अक्षय सोनी, गाय नगर अंकुश यादव, राजीव नगर आकाश यादव आने जाने वाले को हथियार लेकर डरा धमका रहे थे। पुलिस ने कार सीज 07 सीई 2329, तीन धारदार चाकू जब्त किया है। कार की कीमत 2 लाख रुपए आंकी गई है।

### कार की ठोकर से बाइक सवार की मौत

भिलाई। तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को ठोकर मार दी। घटना में बाइक सवार की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि फौजी नगर हाउसिंग बोर्ड जामुल निवासी राकेश सिंह अपनी बाइक से घर जा रहा था। अनंत फर्नीचर दुकान के सामने बने डिवाइडर के कट कर घर जाने के लिए जैसे मुड़ा। वैसे ही तेज रफ्तार से आ रही कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चालते हुए बाइक सवार को जोरदार ठोकर मार दिया। हादसे में राकेश सिंह गंभीर रुप से घायल हो गया। युवक को तुरंत निजी अस्पताल सुपेला लेकर जाया गया।


## समारोह : नगर पंचायत बेरला में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के शपथ ग्रहण समारोह शामिल हुए सांसद

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षद मिल-जुल कर नगर विकास को प्राथमिकता दें : सांसद बघेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

नगर पंचायत बेरला के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह नगर के मड़ई मैदान में उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। इस दौरान नगरवासियों में भारी जोश और उल्लास देखने को मिला। समारोह में भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार के नेतृत्व में नगर विकास की नई संभावनाओं को लेकर सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल एवं विशिष्ट अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू उपस्थित रहे। इनके अलावा पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र शर्मा, नथमल कोठारी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश तिवारी,अंजनी प्रीतम चंदेल डोमेन्द्र राजपूत गौकरण साहू सूर्यकान्त साहू कन्हैया सेन बृजेश राजपूत समेत अन्य गणमान्य नागरिक एवं भारी संख्या में नगरवासी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

नगर पंचायत बेरला के शपथ ग्रहण समारोह में नगरवासियों ने भक्त माता कर्मा, भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी और जय श्रीराम के जयघोष से माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में नगर पंचायत बेरला के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विशाल राज देशलहरा को एसडीएम डॉ. दीप्ति वर्मा ने शपथ दिलाई। उसके बाद ▸▸|शेष पेज 12 पर






## नवागढ़ नगर पंचायत के निर्विरोध उपाध्यक्ष बने सोम, भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली रैली

*बेमेतरा/नवागढ़। विपत्ति के समय में अपने नेता का साथ देने वाले कार्यकर्ता को एक नेता कैसे शिखर तक पहुंचाता है, इसका उदाहरण नवागढ़ में देखने को मिला। नवागढ़ नगर पंचायत में केबिनेट मंत्री दयालदास बघेल ने अपने खास समर्थक सोम ठाकुर को उपाध्यक्ष बनाकर यह साबित कर दिया। शनिवार को नगर पंचायत नवागढ़ में हुए उपाध्यक्ष के लिए चुनाव में वार्ड 14 के पार्षद सोम ठाकुर निर्विरोध उपाध्यक्ष चुने गए। नपं के प्रथम सम्मेलन के दौरान हुए उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा ने सोम को अधिकृत किया था। अन्य किसी ने कोई आवेदन प्रस्तुत नहीं किया।*

*जैसे ही नगर पंचायत प्रांगण के बाहर खड़े भाजपा कार्यकर्ताओं को पता चला कि सोम ठाकुर निर्विरोध उपाध्यक्ष चुन लिये गए हैं, सबके चेहरे पर एक अलग ही चमक आ गई। भाजपा कार्यकर्ताओ का कहना है कि अब नवागढ़ में राम राज का सपना पूरा होगा। सोम के उपाध्यक्ष बनने के बाद आतिशबाजी के बीच नगर में पंचायत कार्यालय से चौक होते हुए भाजपा कार्यालय तक गाजे बाजे के साथ रैली निकाली गयी। भाजपा समर्थक पूरे जोश के साथ रैली में झूमते हुए शामिल हुए, हालांकि एक-दो चेहरे रैली से नदारद दिखे।*

*नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष सोम ठाकुर ने मंत्री बघेल का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि मंत्री बघेल एवं नगरवासियों ने जो विश्वास नवागढ़ के विकास के लिये मुझ पर जताया है, उस पर मैं खरा उतरने का पूरा प्रयास करूँगा। सबसे पहले जो पानी की समस्या नगर के सभी वार्डों में है, उसका निराकरण हम सब मिलकर करेंगे ।*

*रैली में विशेष लहरे, हेमंत सोनकर, आशाराम ध्रुव, संतोष ताम्रकार, राहुल खुराना, दिनेश यादव, सरोजनी कुर्रे, विनोद साहू, जीवन सिन्हा, ललिता मनीष श्रीवास, रमेश निषाद, उमेश बोयरे, अमित जांगड़े, हेमंत महिलांग, टीकम गोस्वामी, सम्पत साहू, रमणीक गुप्ता, संकल्प शुक्ला सहित कार्यकर्ता शामिल रहे ।*

# वार्ड 8 व 11 में पहुंचा मीठा पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ पार्षदों की चार दिनों की मशक्कत लाई रंग

शहर के विभिन्न वार्डों में जल संकट गहराया हुआ है, जिसे वार्ड 8 के नवनिर्वाचित पार्षद चांदनी रोशन दत्ता, वार्ड 11 के विकास तंबोली अपने वार्ड में पानी की किल्लत दूर करने जुटे हुए हैं। दोनों वार्डों में पानी की विकराल समस्या है। वार्ड के लगभग 10 बोर पम्प की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि पानी लगभग 300 से 400 फीट नीचे चला गया है, जिसे देखते हुए मीठा फ़ल्टिर पानी का पाइप लाइन जोड़ कर हर घर पहुंचाया। पीने का पानी मुहैया कराने पंजाबी पारा में चार रात कड़ी मेहनत से नेशनल हाईवे काटकर नई पाईप डालकर पूरा किया गया, तब जाकर रहवासियों को पेय जल सप्लाई हो पाया । पार्षदों ने बताया कि पिछली सरकार की लापरवाही को दूर करते हुए पूरे पंजाबी पारा के साथ साथ दुर्ग रोड, बनिया पारा, गस्ती चौक होते सिंघौरी सहित लगे अन्य वार्डों तक पूरे फोर्स से फिल्टर पानी पहुँच रहा है। कुछ अंदर की बस्तियों में टेक्निकल कमी होने से पानी नहीं पहुंचा, पर बहुत जल्दी ही वार्ड के अंतिम छोर तक पूरे फोर्स से फिल्टर मीठा पानी पहुंचाने पीएचई के पूरे अधिकारी कर्मचारी लगे हुए हैं पूरा कार्य कर रहे हैं।



# शांतिपूर्वक मनाएं त्योहार, हुड़दंग के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| थान खम्हरिया

■ थाना परिसर में होली उत्सव को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

नगर पंचायत नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रतिनिधि चंदन अग्रवाल, थाना प्रभारी राजकुमार साहू के सानिध्य में आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

थाना प्रभारी ने त्यौहारों को शांति पूर्वक बनाने की अपील की, किसी भी तरह का हुड़दंग, दंगा करने वालों असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

इस मौके पर क्षेत्र के गणमान्य व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। थाना परिसर में थाना प्रभारी द्वारा शांति समिति बैठक आयोजन किया गया। जिसमें किसी भी तरह का हुड़दंग बर्दाश्त नहीं ▸▸|शेष पेज 12 पर



## ग्राम भरदा में विद्यार्थियों के लिए हुआ आओ छू लें आसमान कार्यक्रम

# इतिहास रचना है तो पीछे मुड़कर न देखें : डॉ शुभा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेरला

विकासखंड के ग्राम भरदा में विद्यार्थियों के लिए आओ छू ले आसमान को नामक प्रेरक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि और वक्ता दूरदर्शन की एंकर तथा आकाशवाणी रायपुर की समाचार वाचक डॉ शुभा मिश्रा थीं। उन्होंने कहा कि हमें अपने ऊपर विश्वास रखना चाहिए। हमें अपना लक्ष्य खुद तय करना चाहिए। अपने छात्र जीवन को याद करते हुए उन्होंने बताया कि स्ट्रीट लाइट की रोशनी में भी पढ़कर उन्होंने परीक्षा पास की है। इसलिए सफलता के लिए संसाधनों की कमी कभी रुकावट नहीं बनते। पढ़ाई में कमजोर होने के कारण शिक्षकों को भी उनकी सफलता पर संदेह होता था, लेकिन उन्होंने कठिन परिश्रम करके अपनी असफलताओं को दूर किया।

डॉ शुभा मिश्रा ने बताया कि चाणक्य का कथन जो मनुष्य पीछे मुड़कर देखा है, वह कभी इतिहास नहीं रच सकता से प्रेरणा लेकर निरंतर मेहनत करके जिंदगी की अनेक असफलताओं और कठिनाइयों के बावजूद इस मंजिल तक पहुंच सकी हूँ। उन्हें राज्यपाल द्वारा महिला दिवस के उपलक्ष्य में सम्मानित भी किया जा चुका है और 14000 से अधिक कलाकृति आभूषण बनाने की उपलब्धि के लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर के रूप में भी सम्मानित किया गया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता को देते हुए कहा कि मां केवल जन्म ही नहीं देती हैं, बल्कि वह पहचान भी दिलाती हैं। अतः हमें माता-पिता के दिए संस्कारों और मार्गदर्शन को भूलना नहीं चाहिए।

**स्व उद्यम को अपनाया-** वे बालिका शिक्षा और महिला उद्यमियों के विकास के लिए लगातार काम कर रही हैं। उन्होंने बांस जूट कपड़ों से ▸▸|शेष पेज 12 पर

### मुख्य वक्ता डॉ शुभा ने कहा- असफलता से व्यक्ति को सीखना चाहिए




### प्रस्तुत की गई स्कूल की उपलब्धियों की रिपोर्ट

संस्था के प्राचार्य संतोष कुमार परगनिया ने साल के वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने विद्यार्थियों के गुणात्मक विकास के लिए बालकों के सहयोग और जागरूकता को जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि ज्ञान के साथ-साथ व्यवहार और आचरण में भी विकास आवश्यक है। ज्ञानी का दुराचारी होना और सदाचारी का अज्ञानी होने उचित नहीं। सांप और मूर्ख व्यक्ति की तुलना में सांप से अधिक खतरनाक मूर्ख व्यक्ति होता है।

### खेत से 21 स्प्रिंकलर नोजल की चोरी

**बेमेतरा।** ग्राम बरगा के किसान कियतराम साहू के खेत में सिंचाई के लिए लगाए गए 21 सप्रिंकलर नोजल को अज्ञात चोर 8 मार्च की दरमियानी रात को चुरा ले गए। जानकारी के अनुसार, कियतराम साहू वर्तमान में भिंडी की खेती कर रहे हैं। सिंचाई के लिए उन्होंने 24 सप्रिंकलर नोजल लगाए थे। जिसमें से 21 नोजल चोरी हो गई है। सुबह जब किसान खेत पहुंचा तो उसे उसके खेत में लगे पाइप नोजल का नहीं होना पाया गया। जिससे चोरी की पुष्टि हुई एवं किसान बेहद परेशान हो गया। इस घटना से उनकी फसल की सिंचाई प्रभावित हो सकती है। किसान द्वारा इस चोरी की सूचना पुलिस को दी गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और चोरों को जल्द पकड़ने की मांग की है।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

खबर संक्षेप

## आयुर्वेद महाविद्यालय में स्वर्ण प्राशन आज



**रायपुर।** शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय रायपुर के कौमारभृत्य-बालरोग विभाग में सोमवार 10 मार्च को पुष्य नक्षत्र स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रथम 800 बच्चों को अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान नई दिल्ली से प्राप्त स्वर्णप्राशन किट एवं बाल रक्षा किट वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम में आयुष की संचालक इफ्फत आरा मुख्य अतिथि होंगी। संयुक्त संचालक डॉ. सुनील दास विशिष्ट अतिथि होंगे और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीआर चतुर्वेदी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। स्वर्ण प्राशन का सेवन सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक कराया जाएगा। वहीं बाल रक्षा किट और स्वर्णप्राशन किट वितरण सुबह 10 बजे से 11.30 तक किया जाएगा। इसके लिए बच्चे का आधारकार्ड, माता-पिता के मोबाइल नंबर आवश्यक होगा।

## अब तक नहीं आया एमडी-एमएस का परिणाम

**रायपुर।** आयुष विवि के जिम्मेदारों के आश्वासन के बाद भी चिकित्सा महाविद्यालय के पीजी का परिणाम अब तक घोषित नहीं किया गया है। परिणाम नहीं आने के कारण छात्र अपने आगे की पढ़ाई के साथ अन्य फैसले ले पाने की स्थिति में नहीं है। छत्तीसगढ़ डाक्टर्स फेडरेशन ने कुलपति से मिलकर परीक्षआ परिणाम शीघ्र घोषित करने की मांग की थी। पीजी बैच 2021-22 की एमडी/एमएस मुख्य परीक्षाएं जनवरी में संपन्न हो चुकी हैं, मगर परिणाम अब तक घोषित नहीं हो पाया है। यह विलंब छात्रों के लिए गंभीर चिंता का कारण बना हुआ है।

## आकस्मिक जांच में जिला अस्पताल पहुंचे कलेक्टर



**दुर्ग।** नव पदस्थ कलेक्टर अभिजीत सिंह शनिवार को सुबह अचानक जिला अस्पताल के निरीक्षण में पहुंचे थे। इस दौरान कई डाक्टर अस्पताल नही पहुंचे थे। जिससे नाराज कलेक्टर ने रजिस्टर बुक की फोटोकापी साथ ले गए है। कलेक्टर ने इस दौरान मरीजों से भी चर्चा की। कुछ मरीजों ने नर्सो की शिकायत कलेक्टर से की और समय पर इलाज नही होने की बात कही। कलेक्टर सुबह नौ बजे अस्पताल पहुंचे थे। वे तीन घंटो बारह बजे तक जिला अस्पताल के विभिन्न ओपीडी और एमसीएच बिल्डिंग का भी निरिक्षण किए। उनके निरिक्षण के दौरान ओपीडी में मरीज तो थे, लेकिन डाक्टर ने पहुंचे थे। कलेक्टर के निर्देश पर रजिस्टर में दर्ज कर्मचारियों की जानकारी ले जाने से हडकंप की स्थिति हैं। इस मामले में कलेक्टर बडी कार्यवाही कर सकते हैं। इस दौरान कलेक्टर ने अस्पताल के ओपीडी, रजिस्ट्रेशन काउन्टर एवं डॉक्टरों की सभी ओपीडी, पुरुष वार्ड, महिला वार्ड, शिशु वार्ड, डिलीवरी वार्ड, ऑपरेशन कक्ष सहित सभी वार्डा का निरीक्षण किया। उन्होंने वार्डा में भर्ती मरीजों से उपचार के संबंध में रु-ब-रु चर्चा भी की।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के सम्मान में बांटे गए पौधे

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम विवेकानंद सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महापौर द्वारा सभी महिला अतिथियों को सम्मान में पौधों का वितरण किया गया। इस दौरान महिलाओं ने पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने का भी प्रण लिया।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी रजनी बघेल, अध्यक्षता महापौर अलका बाघमार, विशिष्ट अतिथि गौरी कौशिक ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मनीष मेंहदी ग्रुप द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। शहर महापौर के द्वारा अपने अपने क्षेत्र में विशिष्ट पहचान रखने वाली महिलाओं का महिला दिवस के अवसर पर समी का पौधा उपहार स्वरूप देकर सम्मान किया गया।

# लगातार सिरदर्द के कारण हो सकता है काला मोतिया, सालभर में 2 हजार से ज्यादा पीड़ित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिर अथवा भौंह के पास लगातार सिरदर्द होना अथवा लगातार चश्मे का नंबर बदलने की वजह काला मोतिया हो सकता है। इस बीमारी का अगर सही समय पर इलाज नहीं होता, तो यह आंखों की रोशनी छीन सकता है। लापरवाही की वजह से हर साल करीब दो हजार इससे पीड़ित हो जाते हैं। लोगों को इस गंभीर बीमारी से अवगत कराने ग्लॉकोमा सप्ताह का आयोजन रविवार से किया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग अपने अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत आंखों से संबंधित बीमारियों के उपचार की सुविधा दे रहा है। इसके तहत सरकारी अस्पतालों में मोतियाबिंद की निशुल्क सर्जरी की जा रही है। चिकित्सकों के मुताबिक काला मोतिया यानी ग्लॉकोमा ऐसी बीमारी है, जिसकी सही समय पर पहचान हो जाए, तो अंधत्व की समस्या को काफी हद तक रोका जा सकता है। अगर आम लोग अपनी आंखों के प्रति थोड़े भी संवेदनशील हों, तो इस बीमारी की पहचान कर सही समय पर इसका इलाज करवा सकते हैं। इसमें लगातार सिर दर्द होना और चश्मे का नंबर बदलना, तस्वीर का धुंधला दिखना इसके लक्षण हो सकते हैं। अक्सर इन बातों को लोग नजर अंदाज कर जाते हैं जो उनकी आंखों के लिए घातक हो जाता है। आंकड़े बताते हैं कि बरती जा रही लापरवाही की वजह से हर साल करीब दो हजार लोग इस समस्या से पीड़ित होकर इलाज के लिए विभिन्न अस्पताल तक पहुंचे।

अलग खबर

### रोशनी छीन सकती है बीमारी, लोगों जागरूक करने आज से ग्लॉकोमा सप्ताह



### तैयारियों पर हुई बैठक

कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर 9 से 15 मार्च तक चलने वाले ग्लॉकोमा सप्ताह की तैयारियों के लिए बैठक हुई। बैठक में कार्यक्रम की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गयी और जनजागरण पर जोर दिया गया। बैठक में राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निधि ग्वालरे एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी की उपस्थिति में जिला नोडल अधिकारी डॉ. समता रंगारी ने बैठक ली। बैठक के दौरान मौजूद महिला दिवस पर महिला नेत्र सहायकों को सम्मानित भी किया गया।


## म्यूल अकाउंट के माध्यम से संचालित किया जा रहा क्रिकेट सट्टा

# ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाने किराए पर लिए जा रहे अकाउंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑनलाइन ठगी की घटना से लेकर क्रिकेट सहित अन्य तरह का सट्टा संचालित करने इस्तेमाल किए जा रहे म्यूल अकाउंट को रोकना साइबर पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो रहा है। पुलिस ने हाल के दिनों में चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट मैच में ऑनलाइन सट्टा संचालित करने के आरोप में जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनके द्वारा म्यूल अकाउंट के माध्यम से सट्टे की रकम ट्रांसफर करने की बात सामने आई है। सट्टा में म्यूल अकाउंट इस्तेमाल करने की प्रथा महादेव सट्टा एप के बाद से शुरू हुई है।

क्राइम डीएसपी संजय सिंह के मुताबिक क्रिकेट सट्टा संचालित करने वाले बुकी पुलिस को झांसा देने के लिए किराए के बैंक अकाउंट लेकर उनमें पैसों का ट्रांजेक्शन कराने का काम कर रहे हैं। म्यूल अकाउंट बुकी पांच से दस हजार रुपए तक किराए पर ले रहे हैं। म्यूल अकाउंट होने की वजह से बुकी की जल्दी से पहचान नहीं हो पाती। ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वालों को उनके द्वारा क्रिकेट सट्टा के लिए संचालित आईडी के माध्यम से पहचान कर कार्रवाई की जा रही है।




### सटोरियों ने की तैयारी

*चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता समाप्त होने के साथ ही आईपीएल क्रिकेट शुरू हो जाएगा। आईपीएल शुरू होने के पूर्व सटोरिए राज्य के बाहर अपने लिए सुरक्षित ठिकाने की तलाश में जुट गए हैं। साथ ही स्थानीय स्तर पर क्रिकेट सट्टा संचालित करने टीम तैयार करने लगे हैं। इसकी पुष्टि पिछले दिनो डीडीनगर थाना क्षेत्र में पकड़े गए दो बुकी से पूछताछ तथा उनके मोबाइल खंगालने के बाद हुई है।*

### रायपुर में आयोजित मैच के लिए सट्टा

क्रिकेट सट्टा का जुनून लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। रायपुर में आयोजित इंटरनेशनल मास्टर्स क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए भी सट्टा संचालित करवाने वाले दांव लगवा रहे हैं। पहले दिन भारत तथा दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले जाने वाले मैच के लिए टॉस जीतने से लेकर मैच जीतने वाली टीम के लिए ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा का संचालन किया जा रहा है।

### ठगी की रकम से भुगतान होने की आशंका

सट्टा का सिस्टम पूरी तरह से ऑनलाइन हो गया है। बुकी से लेकर आईडी बेचने वाले लोगों को एक दूसरे के बारे में जानकारी नहीं होती। ऐसे में ऑन लाइन फ्रॉड करने वाले जालसाजों के माध्यम से ऑनलाइन ठगी की रकम क्रिकेट सट्टा में निवेश किए जाने की पुलिस को आशंका है।

### ऐसे में खेलने वालों पर भी दर्ज होगी एफआईआर

डीएसपी क्राइम के मुताबिक म्यूल अकाउंट से पैसों के लेन-देन होने की स्थिति में किराए पर अकाउंट देने वालों के साथ किराए पर अकाउंट लेने वालों के खिलाफ कार्रवाई तो होती ही है, ऐसे में म्यूल अकाउंट के माध्यम से किसी दूसरे के अकाउंट में सट्टे की रकम ट्रांसफर होने की स्थिति में उसके खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

# रात से फिर दोगुना हुआ तापमान, पूर्वी हवा बढ़ाने लगी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- नांदगांव का पारा फिर 37 डिग्री से ज्यादा

हवा की दिशा पूर्वी होने के बाद एक बार प्रदेश में गर्मी की आहट होने लगी है। राजधानी में शनिवार को रात की तुलना में दिन का तापमान दो गुना हो गया। वहीं सर्वाधिक गर्मी राजनांदगांव इलाका रहा है। अब प्रदेश में होली तक गर्मी बढ़ने की संभावना है, हालांकि रात में उमस भरी गर्मी के लिए थोड़ा और वक्त लगने की संभावना है।

दिन में बढ़ रही गर्मी के बीच प्रदेश का मौसम उतार-चढ़ाव वाला है। पश्चिमी विक्षोभ के बाद बदलने वाली हवा मौसम में ठंडकता ला रहा है क्योंकि उत्तरी राज्यों में अभी ठंड का मौसम है। आने वाली उत्तरी हवा इसकी वजह से पिछले दिन से रायपुर समेत उत्तरी इलाके में ठंड लेकर आई थी और सरगुजा के कुछ हिस्सों में शीतलहर की स्थिति बन गई थी। ठंड का असर समाप्त होने लगा है और गर्मी का प्रभाव शनिवार से महसूस होने लगा है। शनिवार को राजनांदगांव 37.5 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सबसे गर्म रहा वहीं 10.5 डिग्री वाला अंबिकापुर रात में सबसे ठंडा रहा है। राजधानी रायपुर में रात को हल्की ठंडकता रही मगर दिन में गर्मी महसूस होती रही। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों का कहना है कि पूर्वी हवा का घटक प्रबल होने के कारण न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 13 मार्च तक वृद्धि होने की संभावना है।

### अधिकतम तापमान

| | | |
|---|---|---|
| राजनांदगांव | - | 37.5 |
| रायपुर | - | 36.5 |
| जगदलपुर | - | 35.8 |
| बिलासपुर | - | 35.5 |
| पेंड्रा | - | 34.3 |
| अंबिकापुर | - | 32.3 |

# रंग मंदिर, गुरुकुल शिक्षण संस्थान पर 4 करोड़ बकाया, निगम ने किया नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

नगर निगम ने भातखंडे ललित शिक्षा समिति को रंगमंदिर और गुरुकुल व्यावसायिक परिसर के करीब 4 करोड़ रुपये से अधिक के बकाया कर भुगतान के लिए नोटिस जारी किया है।

नगर निगम जोन 4 कमिश्नर ने समिति को नोटिस जारी कर 7 दिन के भीतर भुगतान करने के लिए कहा है, अन्यथा संबंधित संपत्ति को सीलबंद करने की चेतावनी दी है। नगर निगम का राजस्व विभाग बड़े बकायादारों से राजस्व वसूली के लिए अभियान चला रहा है। सभी 10 जोन में जोन कमिश्नर को निगम आयुक्त ने बकाया राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। इसी कड़ी में नगर निगम जोन 4 कमिश्नरी ने भातखंडे ललित कला शिक्षा समिति को रंगमंदिर और गुरुकुल व्यावसायिक परिसर का साल 2011-12 से लेकर 2024-25 तक क्रमशः कुल राशि 1,76,97,950 रुपये और 2,35,30,329 रुपये के भुगतान के लिए पत्र जारी किया था। इसकी अंतिम जारी तिथि से 7 दिन के भीतर संपूर्ण बकाया राशि जोन 4 कार्यालय में भुगतान करने कहा है। राशि भुगतान नहीं किये जाने पर नियम अनुसार सीलबंदी की कार्रवाई की जायेगी।

- भुगतान नहीं किये जाने पर सीलबंदी

# उधारी की रकम चुकाने से बचने मेल आईडी हैक कर डेटा डिलीट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- साइबर सेल से जानकारी जुटाने के बाद पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई

मकान निर्माण के लिए ली गई उधारी रकम चुकाने से बचने एक व्यक्ति ने अपने ही परिचित का मेल आईडी हैक कर डेटा लीक कर धोखाधड़ी की है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस उसके परिचित के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है। जिनका डेटा डीलीट हुई था, उसे साइबर पुलिस के माध्यम से डेटा डीलीट करने वाले की जानकारी मिली।



मूलतः मध्यप्रदेश, अनूपपुर के रहने वाले शेख नियाजुद्दीन ने दिलशाद अहमद के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। नियाजुद्दीन ने पुलिस को बताया है कि वो पूर्व में प्रोफेसर कालोनी में किराए के मकान में रहता था। इस दौरान उसका परिचय दिलशाद से हुआ। दिलशाद ने कमल विहार में मकान निर्माण करने पैसों की जरूरत पड़ने पर नियाजुद्दी से 11 तथा पांच लाख रुपए उधार लिया था। उसी उधार की रकम को चुकाने से बचने दिलशाद ने नियाजुद्दीन की मेल आईडी हैक कर ठगी की है।

### डेटा डीलीट होने से कारोबारी प्रभावित

*नियाजुद्दी ने पुलिस को बताया है कि उसके मेल आईडी की जानकारी दिलशाद को पहले से थी। दिलशाद ने अपने भाई इमरान के साथ मिलकर नियाजुद्दीन की मेल आईडी को हैक किया था। नियाजुद्दीन के अनुसार मेल आईडी के डेटा डीलीट होने से उनके व्यवसाय से जुड़ी सभी लेन-देन की जानकारी डीलीट हो गई। इसके कारण उसे 10 से 11 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। नियाजुद्दीन के अनुसार उसने दिलशाद को दी गई रकम की जानकारी अपने वाट्सएप में पूर्व से ही सहेजकर रखी थी।*

# दो साल से उधार में चल रहे हैं आत्मानंद स्कूल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महासचिव विनोद तिवारी ने कहा है कि स्वामी आत्मानंद स्कूल के हालात ऐसे हैं कि 2 साल से उधार में चल रहे हैं, क्योंकि इन स्कूलों को चलाने फंड भी नहीं है। सत्र खत्म होने वाला है, पर सरकार की तरफ से दी जाने वाली आकस्मिक व्यय निधि की पूरी राशि 5 लाख अभी तक नही मिली है, नतीजतन स्कूल प्रबंधन के पास चाक, डस्टर, रजिस्टर, फिनाइल जैसी छोटी एवं अति अवश्यक सामग्री खरीदने तक के पैसे नहीं हैं। पूर्व में स्कूलों को 5-5 लाख रुपए दिए जाते थे, वर्तमान में आत्मानंद स्कूलों की स्थिति को जानबूझकर खराब किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार द्वारा सैकड़ों की संख्या में निशुल्क आत्मानंद स्कूल प्रारंभ किए गए, जो मध्यम और गरीब परिवार के पालकों के लिए वरदान साबित हो रहे थे।

# राजधानी के हर वार्ड में खुलेगा जन औषधि केंद्र

*हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर*

*रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कालीबाड़ी चौक में जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया और इसका अवलोकन किया।*



*इस अवसर पर उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप यह जन औषधि केंद्र खोला गया है, जहां बाजार से 80 से 90 प्रतिशत कम दामों पर दवाएं उपलब्ध होंगी। इससे आम जनता, विशेष रूप से गरीब और जरूरतमंद लोग, जो महंगी दवाइयों के कारण उचित इलाज नहीं करा पाते थे, उन्हें सीधा लाभ मिलेगा। राजधानी के सभी 70 वार्डों में 70 और पूरे रायपुर लोकसभा क्षेत्र में 200 जन औषधि केंद्र खोलने की योजना है, जिससे न केवल गरीबों को सस्ती दरों पर दवाएं मिलेंगी, बल्कि युवाओं को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे।*

*श्री अग्रवाल ने यह कहा, जिला अस्पताल में ओपीडी के बाहर स्थित जन औषधि केंद्र को मुख्य मार्ग की ओर स्थानांतरित किया जाएगा, ताकि मरीजों को अधिक सुविधा मिल सके। इसके लिए उन्होंने सांसद निधि से पांच लाख रुपए देने की घोषणा की। इस कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के मैनेजर अनीस वोडिटेलवर, निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, पार्षद अमर गिदवानी, अंबर अग्रवाल, रवि सोनकर सहित विभागीय अधिकारी, मेडिकल स्टाफ और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।*

## फसल उत्पादन बढ़ाने कृषकों को प्रशिक्षण

**रायपुर।** सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के अंतर्गत केंद्रीय भंडारण निगम द्वारा कृषकों को फसल उत्पादन बढ़ाने, वैज्ञानिक भंडारण के उपयोग और फसल कटाई के बाद के नुकसान को कम करने प्रशिक्षण देगा। इसके लिए निगम 10 व 11 मार्च को महासमुंद और 11 व 12 मार्च को राजनांदगांव के कृषि विज्ञान केंद्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा, जिसमें करीब 45-45 कृषकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। भंडारगृह प्रबंधक एस.के. यादव एवं राकेश डडसेना ने बताया कि इन केंद्रों में विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एवं भंडार गृह के अधिकारी व्याख्यान व अन्य माध्यम से कृषकों को प्रशिक्षित करेंगे। इस दौरान कृषकों को भंडारगृह का भ्रमण भी कराया जाएगा। इस कार्यक्रम के समापन पर प्रत्येक किसान को एक-एक क्विंटल बिन व बीज दिया जाएगा।

## पेज 11 के शेष...

### नवनिर्वाचित अध्यक्ष....

क्रमशः सभी पार्षदों अर्जुन देवांगन, संतोष साहू, शिवझड़ी सिन्हा, मथुरा बाई साहू, जितेंद्र जैन, उमा नेताम, भुवनेश्वरी टंडन, जयप्रकाश बघेल, मानक चतुर्वेदी, अंजनी पाटिल, बलराम शिवहरे, मधुरी द्विवेदी, बलराम यादव, राजेश दुबे और लक्ष्मी लता वर्मा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की।

सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि चुनाव जीतना कठिन होता है, लेकिन उससे भी कठिन जिम्मेदारी होती है जनता की अपेक्षाओं को पूरा करना। उन्होंने नव निर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों से मिलजुल कर नगर के विकास को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार से हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से बिना किसी भेदभाव, सभी वर्गों को साथ लेकर कार्य करने का आह्वान किया।

**विधायक दीपेश ने कहा- पैसे की कमी नहीं, अब विकास कार्यों में तेजी आएगी-** विशिष्ट अतिथि विधायक दीपेश साहू ने भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को जीत दिलाने के लिए आम जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 15 वर्षों के बाद भाजपा को स्थानीय निकायों में नेतृत्व का अवसर मिला है और यह समय बेरला के विकास को गति देने का है। उन्होंने कहा, "आज यह केवल शपथ ग्रहण का दिन नहीं, बल्कि नगर के विकास की शपथ लेने का दिन है। वर्षों से रुका हुआ विकास अब रफ्तार पकड़ेगा। आम जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी की नीतियों पर भरोसा जताया है, और हम उस विश्वास को पूरी निष्ठा से निभाएंगे।" विधायक श्री साहू ने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार के पास विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा, "विकास कार्यों की शुरुआत पहले ही हो चुकी है। कई गांवों में बोर खनन सहित अन्य बुनियादी विकास कार्य प्रारंभ किए जा चुके हैं। आने वाले दिनों में नगर में सड़कों का निर्माण, जल आपूर्ति व्यवस्था का सुधार, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और अन्य नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।"उन्होंने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता से कार्य करें। **यह पद सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है : देशलहरा-** नगर पंचायत बेरला के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विशाल राज देशलहरा ने कहा कि यह पद उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने नगरवासियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि जनता का विश्वास उनकी सबसे बड़ी ताकत है, और वे नगर के चहुंमुखी विकास के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।उन्होंने कहा, "यह शपथ केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि मेरे लिए एक संकल्प है कि मैं नगरवासियों की हर उम्मीद पर खरा उतरूंगा। बेरला नगर के विकास, स्वच्छता, जल आपूर्ति, सड़क निर्माण और अन्य बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करूंगा।"**सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बढ़ाया समारोह का आकर्षण-** शपथ ग्रहण समारोह के दौरान लोक कला मंच के कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने कार्यक्रम को और भी उल्लासपूर्ण बना दिया। नगरवासियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया और नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

### शांतिपूर्वक मनाएं...

किया जाएगा। हुड़दंग करने वालों के खिलाफ पुलिस के द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। वही वार्डों में थाना प्रभारी को समस्याओं से अवगत कराते हुए। उसे निजात दिलाने की मांग की पुलिस द्वारा सतर्कता एवं रात्रि 10:00 बजे के बाद मोहल्ले की दुकानों पर जमावड़ा ना होने दिया जाए। इस मौके पर शांति समिति की बैठक में शामिल हर समुदाय के लोगों को कहा कि, आप सब जिम्मेदार लोगों का दायित्व बनता है। कि ऐसे लोगों की जानकारी पुलिस को दे। जिस पर समय रहते, पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई कर सके। इस अवसर पर मुकेश सिंघानिया, अनिल सिंघानिया, गौरव बिंदल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, फिरोज खान, पार्षद विजय यादव, विजय शर्मा, गोपाल शर्मा, मुकेश जोशी, राकेश साहू, रमेश सिन्हा, सरद कुंभकार, रोहित भारती, मनीष रात्रे मौजूद थे।

### इतिहास रचना है...

निर्मित विभिन्न प्रकार के आकर्षक आभूषण कलाकृतियों के निर्माण और व्यवसाय के लिए प्रेरित किया। उनके बनाए हुए आभूषण कलाकृति विदेश में भी पसंद किए जाते हैं। इसके लिए उन्होंने शुभा कलाकृति नामक संस्थान की स्थापना भी की है। उन्होंने कहा कि बालिका शिक्षा की सार्थकता तभी होगी, जब वे आत्मनिर्भरता के सम्मानजनक स्तर को प्राप्त कर सकें। **सामुदायिक जागरूकता के लिए नवाचारी कार्यक्रम है-** कार्यक्रम के संयोजक व्याख्याता विकेश कुमार यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम पालकों और सामुदायिक जागरूकता के लिए प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। इसके तहत ऐसे व्यक्तियों को अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित करते हैं, जिनका जीवन प्रेरणादाई होता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हमें महत्वपूर्ण व्यक्तियों को साक्षात देखने, जीवन वृत्तांत सुनने और उनसे सीखने का अवसर मिलता है। इस कार्यक्रम में सरपंच हीराधार निषाद, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष ताकेश्वर निषाद, पन्नालाल परगनिहा, हरिश्चंद्र यादव, हरप्रसाद वर्मा, परमेश्वरी, ललिया बाई, बाल कैबिनेट सदस्य, ग्रामवासी और पालक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता विकेश यादव और आभार प्रदर्शन व्याख्याता अंजली वर्मा ने किया।

**आभूषणों व कलाकृतियों की लगाई गई प्रदर्शनी-** इस अवसर पर डॉ शुभा द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रकार की आभूषणों और कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई और उन्हें बनाने के बारे में बताया गया। उन्होंने छात्राओं को स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हम अपनी प्रतिभा का उपयोग करते हुए एक से अधिक व्यवसाय का संचालन सफलतापूर्वक कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### पेंशनर्स को वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव की दी जानकारी

**दुर्ग।** भारतीय रिज़र्व बैंक आरबीआई द्वारा पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए भिलाई में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को बैंकिंग सुविधाओं, डिजिटल लेन-देन, साइबर सुरक्षा, वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव और शिकायत निवारण प्रणाली की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में महाप्रबंधक आरबीआई मोहन रावत, उपमहाप्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा भरत कुमार चावड़ा, सहायक महाप्रबंधक एसबीआई सीपीपीसी सरोज कुमार सिंह और बैंकों के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक के सहायक महाप्रबंधक दीपेश तिवारी और प्रबंधक दिग्विजय राऊत ने प्रतिभागियों हेतु आधारभूत बैंकिंग, फ्रॉड से बचाव, डिजिटल साइबर हायजीन शिकायत निवारण प्रणाली की जानकारी पर सत्र लिया। प्रतिभागियों हेतु प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया।

### हर क्षेत्र में महिलाएं परचम लहरा रहीः सरोज



**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पाण्डेय ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दुर्ग जिला के शैलदेवी महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा आज महिलाएं हर क्षेत्र में परचम लहरा रही है, राजनीति हो, विज्ञान हो, खेल हो या फिर कला और व्यापार हर जगह महिलाएं आगे बढ़कर सफल कार्य कर रही हैं। आज आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल हर क्षेत्र महिलाओं की उपलब्धियों से भरा हुआ है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिला सशक्तिकरण पर लगातार ज़ोर देते आ रहे। उन्होंने महिलाओं के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण सुनिश्चित किया है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। जिससे आज भारत में महिलाओं का राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक सशक्तिकरण के साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे अभियानों से बहन-बेटियों का शैक्षणिक सशक्तिकरण भी हो रहा है।

### प्लेसमेंट केम्प का आयोजन 12 को

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मालवीय नगर चौक दुर्ग में 7 मार्च को प्लेसमेंट केम्प का आयोजन किया गया था। जिसमें कुल 170 रिक्त पदों हेतु जिले के 77 आवेदक साक्षात्कार हेतु प्लेसमेंट केम्प में सम्मिलित हुए जिनमें उपस्थित नियोजकों द्वारा कुल 25 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया है। इसी क्रम में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में 12 मार्च को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट केम्प का पुनः आयोजन किया गया है।

### दोस्त ने फोन कर बुलाया, फिर मारपीट की, मामला दर्ज

**बालोद।** एक दोस्त ने दूसरे दोस्त को अस्पताल में बुलाया, वहां उसके साथ मारपीट की गई। दोस्त से मार खाने के बाद दोस्त ने दूसरे दोस्त के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। ग्राम टिकरी निवासी पुरूषोत्तम साहू ने बताया कि 6 मार्च की शाम दिनेश्वर देवार ने मेरे दोस्त लल्लू साहू के मोबाईल नम्बर में कॉल करके मुझे अर्जुन्दा अस्पताल के सामने सार्वजनिक सुलभ शौचालय के पास आने को कहा। जब मैं वहां गया तो दिनेश्वर देवार निवासी अर्जुन्दा तथा उसका एक दोस्त गालियां देने लगे और मारपीट की। उन्होंने चूड़ा, पत्थर और चाकू से मेरे सिर पर वार किया। घटना की शिकायत के बाद थाना अर्जुन्दा में दिनेश्वर देवार एवं उसके एक साथी पर धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# रसायन शास्त्र के व्याख्याताओं के लिए गुजरात में हुई कार्यशाला

**सेजेस जामगांव आर की व्याख्याता टोपेश्वरी ने भी लिया प्रशिक्षण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

आईआईटी गांधी नगर गुजरात में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत पांच दिवसीय सी.सी.एल कार्यशाला का आयोजन 11 से 15 फरवरी तक किया गया। कार्यशाला में सभी राज्यों से रसायन शाखा के व्याख्याताओं को प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया था। कार्यशाला में छत्तीसगढ़ से 13 व्याख्याताओं में इस कार्यशाला में शामिल हुए, जिसमें पाटन ब्लाक से सेजेस जामगांव आर की रसायन शास्त्र व्याख्याता टोपेश्वरी सिन्हा ने भाग लिया। इस कार्यशाला में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मनीष जैन व उनकी टीम ने विषय से संबंधित प्रशिक्षण रोचक अंदाज में दिया।



### रसायन विज्ञान जीवन उपयोगी वस्तुओं से जुड़ी होती है

गुजरात की सीसीएल कार्यशाला से प्रशिक्षण प्राप्त कर जामगांव आर लौटी रसायन व्याख्याता टोपेश्वरी सिन्हा ने कहा कि प्रशिक्षण से अध्यापन में निखार आता है। नई-नई जानकारी के साथ अध्ययन अध्यापन के लिए दिशा मिलती है। टीचर को विषय जितनी गहरी नालेज होगी, उतनी ही अच्छी तरह से अध्यापन करा पाएंगे, जिसका सीधा सीधा लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा और विद्यार्थी अपना भविष्य उज्ज्वल बनाते हुए विद्यालय का नाम रोशन करने में सफल होंगे। रसायन विषय जीवन उपयोगी वस्तुओं से जुड़ी हुई है फायदे और नुकसान की जानकारी होने से उपयोग करना बड़ा आसान हो जाता है।

### किट निर्मित कर अध्ययन अध्यापन को रुचिकर बनाया जा सकता है

संक्षारण, धातुओं की क्रियाशीलता, विद्युत अपघटनी व विद्युत रासायनिक सेल, डीएनए सेपरेशन, साबुनीकरण व अन्य प्रयोगों को माईक्रोस्केल में कैसे कर सकते हैं, बताया गया। टोपेश्वरी सिन्हा ने कार्यशाला में शामिल होने का अवसर दिए जाने पर राज्य परियोजना समग्र शिक्षा प्रभारी राजकुमार चापेकर का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने जिले दुर्ग में प्रायोगिक रासायनिक किट का निर्माण कर शिक्षण को रूचिकर बनाने का प्रयास करेंगे।

**सुलह : वर्ष 2025 की प्रथम नेशनल लोक अदालत में 459976 मामले निराकृत**

# वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सुलझा विवाद, कोर्ट में बिखरे परिवार भी मिले

**जिला कोर्ट में दोनों पक्षों के बीच कराई गई सुलह, कई प्रकरण हुए निराकृत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन में दुर्ग राजस्व न्यायालय दुर्ग एवं उपभोक्ता फोरम दुर्ग में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य दाण्डिक सिविल, परिवार, मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण रखे गये तथा उनका निराकरण आपसी सुलह, समझौते के आधार पर किया गया। इसके अलावा बैंकिंग, वित्तीय संस्था, विद्युत एवं दूरसंचार से संबंधित प्री-लिटिगेशन प्रकरणों (विवाद पूर्व प्रकरण) का निराकरण भी किया गया। वर्ष 2025 के प्रथम नेशनल लोक अदालत में कुल 19020 न्यायालयीन प्रकरण तथा कुल 440956 प्री-लिटिगेशन प्रकरण निराकृत हुए जिनमें कुल समझौता राशि 351774267 रूपये रहा। इनमें बैंक के प्रीलिटिगेशन के कुल 45, विद्युत के कुल 746 मामले निराकृत हुए जिनमें कुल समझौता राशि लगभग 208440486 रूपए रही है। इसी क्रम में लंबित निराकृत हुए प्रकरण में 580 दाण्डिक प्रकरण, क्लेम के 64 प्रकरण, पारिवारिक मामले के 117 चेक अनादरण के 515 मामले, व्यवहार वाद के 65 मामले श्रम न्यायालय के कुल 28 मामलें तथा स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाएँ) दुर्ग के कुल 6001 मामले निराकृत हुए।



### उत्तरप्रदेश से अनावेदक का हुआ राजीनामा

प्रार्थिया द्वारा अपने पड़ोस में रहने वाले अनावेदक को 15000 रूपए पेट्रोल पंप के मैनेजर को दिये जाने हेतु दिया गया था। किंतु अनावेदक द्वारा मैनेजर को उक्त रूपये प्रदान नहीं किया गया तथा प्रार्थिया के द्वारा अपने रूपये मांगे जाने पर तथा अनावेदक द्वारा पैसे नहीं दिये जाने के कारण उभयपक्ष के मध्य वाद-विवाद, गाली-गलौच मारपीट इत्यादि हुआ था। उक्त प्रकरण में आवेदिका को न्यायालय तक आने की आवश्यकता नहीं पड़ी।

### लोक अदालत में इस तरह के मामले आए सामने

आवेदक ने आवेदिका से विवाह विच्छेद का मामला प्रस्तुत किया था। आवेदक एवं अनावेदिका का विवाह 27 अप्रैल 2015 को हिन्दू रीति-रिवाज से सम्पन्न हुआ था। अनावेदिका शादी के पूर्व दोस्त से बातचीत करती रहती थी और पूछे जाने पर टाल मटोल करती थी। अनावेदिका को काफी समझाने के बाद भी वह नहीं मानी और दिनांक 19 मार्च 2016 को ससुराल में बैठक होने पर अपनी गलती स्वीकार किया। आवेदक अनावेदिका की गलती को माफ कर सम्मान पूर्वक वापस ले आया।

### विवाद समाप्त कर हंसी-खुशी वापस लौटे भाई-बहन

वर्ष 2021 से लंबित आपराधिक प्रकरण महज एक पारिवारिक विवाद से उपजा था। समय के साथ विवाद इतना बढ़ गया कि भाई-बहन के रिश्ते में दूरियां आ गई। न्यायालय द्वारा मामले की प्रकृति को देखते हुए इसे नेशनल लोक अदालत में रखे जाने का निर्णय लिया गया। सुलह की ओर एक कदम लोक अदालत की समझाईश का सकारात्मक प्रभाव पड़ा। वर्ष 2021 से लंबित यह मामला समाप्त हो गया।

### 2 बिखरा परिवार हुआ पुनः एक

आवेदिका ने आवेदक के विरूद्ध भरण पोषण राशि दिलाने का मामला प्रस्तुत किया था। आवेदिका एवं अनावेदक का विवाह हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार 27 जून 2020 को सम्पन्न हुआ तथा दो-चार माह बाद अनावेदक एवं ससुर द्वारा कम दहेज लायी हो कहकर बात-बात पर ताना मारकर मारपीट करने लगा, जिसके संबंध में सभी परिजनों को बुलाकर बैठक कराये जाने पर बैठक के बाद पुनः दहेज की मांग और बढ़ गयी और नवंबर 2024 को अनावेदक ने आवेदिका को उसके मायके छोड़ दिया। अनावेदक द्वारा आवेदिका को घरेलू एवं अन्य खर्च हेतु प्रतिमाह 5000 रूपये देने के लिए स्वेच्छया तैयार हो गया।

## चिल्हाटी कला के उपसरपंच बने रुपेश



**डौंडीलोहारा।** ग्राम पंचायत चिल्हाटी कला में शनिवार को युवा रुपेश साहू निर्विरोध उपसरपंच चुने गए। कुल 13 वार्डों के पंचों द्वारा सर्व सम्मति से रूपेश साहू को उपसरपंच चुना। सरपंच भुआर्य ने नवनिर्वाचित उपसरपंच को बधाई देते हुए साथ मिलकर गाँव का विकास करने की बात कही। पीठासीन रमनलाल धनेन्द्र एवं उपपीठासीन रूपचंद यदुवंशी द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर नीलकंठ धनकर, रोजगार सहायक, पंचायत के चपरासी सहित ग्राम पटेल उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत सहगांव की उपसरपंच बनीं



**डौण्डीलोहारा।** ग्राम पंचायत सहगांव में सुनीता बाई पिस्दा उपसरपंच चुनी गई हैं। नवनिर्वाचित सरपंच भूषण लाल देवांगन तथा पंचगण सीमा पिस्दा, रुनीता पिस्दा, इंदू पिस्दा होरी लाल चुरेन्द्र, अंजनी चुरेन्द्र, बीरम बाई, सुनीता शांडिल्य, साधना बाई पिस्दा, रुपकुंवर चुरेन्द्र व नरसिंह निषाद ने शपथ ग्रहण कर ग्राम विकास के लिए संकल्प लिया।

## प्रतिष्ठापूर्ण मुकाबले में प्रशांत गौतम बने उपसरपंच, सरपंच खेमे को मिली शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



- नवनिर्वाचित सरपंच के भतीजे की दुकान को कर दिया गया था आग के हवाले

विवाद, तनाव और जेवरा पुलिस चौकी में प्रदर्शन के बाद शनिवार को जेवरा-सिरसा में उपसरपंच के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में प्रशांत गौतम ने प्रभावशाली जीत दर्ज की है। प्रशांत की जीत के बाद ग्रामीणों ने जमकर खुशी का इजहार किया। गौरतलब है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद सरपंच पद पर धनेश नागवंशी निर्वाचित हुए थे। कुल 20 पंचों का निर्वाचन भी हुआ था। 8 मार्च को जेवरा सिरसा में उपसरपंच का चुनाव होना था। मतदान के पहले गांव में तनाव का वातावरण निर्मित हो गया। अज्ञात नकाबपोशों ने नवनिर्वाचित सरपंच धनेश नागवंशी के भतीजे की दुकान आग के हवाले कर दी थी। इस घटना के बाद सरपंच ने राजनीतिक विरोधियों पर आरोप लगाया था। विरोध के बाद ग्रामीणों ने जेवरा-सिरसा चौकी में जमकर प्रदर्शन किया था। जमकर प्रदर्शन करते हुए आग लगाने वालों पर कार्यवाई की मांग की और सरपंच के आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग की थी। शनिवार को जेवरा सिरसा में उपसरपंच का चुनाव सुरक्षा व्यवस्था के बीच कराया गया। जेवरा-सिरसा चौकी प्रभारी पुरुषोत्तम कुर्रे दलबल सहित मौजूद थे। पीठासीन अधिकारी श्री देवांगन, ग्राम पंचायत सचिव अनिल दुबे, कम्प्यूटर ऑपरेटर उमेश्वरी पटेल ने चुनाव की प्रक्रिया संपन्न कराया। उपसरपंच चुनाव में जेवरा-सिरसा वार्ड नं-1 से निर्वाचित पंच प्रशांत गौतम और वार्ड नं. 19 से निर्वाचित पंच संतोष साहू सुनील ने उपसरपंच के लिए नामांकन दाखिल किया। प्रशांत गौतम जेवर-सिरका के पहले सरपंच भी रह चुके हैं। शनिवार को हुए चुनाव में प्रशांत गौतम को 14 मत और संतोष साहू सुनील को 7 मत मिले।

## पूर्व एल्डरमैन ने की जमीन के नाम पर ठगी, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पूर्व एल्डरमैन ने जमीन बेचकर लाखों रुपए हड़प लिया लेकिन रजिस्ट्री तक नहीं कराने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि गवलीपारा दुर्ग निवासी पद्म जैन ने वार्ड 5 गौराचौरा शीतला नगर दुर्ग निवासी पूर्व एल्डरमैन देवकुमार सिन्हा पिता जगदीश प्रसाद सिन्हा के स्वामित्व व आधिपत्य की परिवर्तित आवासीय भूमि ग्राम बोरसी वार्ड नंबर-52 हनोदा मार्ग पर स्थित है। जिसका सौदा पदम जैन और उसकी धर्मपत्नी प्रीति जैन से किया गया था। जमीन को देवकुमार सिन्हा अपने नाम पर प्रमाणीकरण करने के बाद 22 फरवरी 2018 को एक इकरारनामा का निष्पादन किया गया था। उस भूमि के बदले पीड़ित ने 11लाख 60 हजार रुपए का चेक 23 फरवरी 2018 को दिया था।

## सरकार महिलाओं को आगे बढ़ाने का काम कर रहीः विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



- महिला एवं बाल विकास विभाग ने किया कार्यक्रम

महिलाओं के संघर्ष, सशक्तिकरण और उपलब्धियों का प्रतीक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा गोंडवाना भवन दुर्ग में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाली लगभग 60 महिलाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के साथ नव नियुक्त दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह भी शामिल हुए। महिलाओं व किशोरी बालिकाओं के लिए रंगोली, सलाद, व्यंजन प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़ व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा सरकार विभिन्न योजनाओं के द्वारा महिलाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रही हैं। जिसमें महतारी वंदन योजना का विशेष योगदान है। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू, जनपद सदस्य झमित गायकवाड उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ निशा शर्मा कृषि वैज्ञानिक, गीता विश्वास एनजीओ संचालिका, विभा मिश्रा वकील, एडिशनल एसपी ट्रैफिक रिचा मिश्रा, डॉ श्रद्धा चुघ आयुर्वेदिक चिकित्सा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रीति डोंगरे, साहित्यिक क्षेत्र में आशा झा, समाजसेवी गुरमीत कौर, पर्यवेक्षक देवकी साहू, श्वेता सिंह, नंदकुमारी धीवर, शिल्पा श्रीवास्तव, रीमा शुक्ला, संध्या सिंह, आभा साहू, मेघा जावलकर, चंद्रलेखा देशमुख, दिनेश्वरी देशमुख, रश्मि शर्मा, सुलेखा सर्वे, डॉ विनीता धुर्वे, डॉ यामिनी नयन आदि सम्मानित हुईं।

## शपथ ग्रहण में शामिल हुए विधायक



**दुर्ग।** नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह में विधायक गजेन्द्र यादव शामिल हुए, जहाँ जनप्रतिनिधियों ने शपथ लेते हुए नगर पंचायत क्षेत्र और समाज की प्रगति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। नगर पालिका निगम राजनांदगांव, नगर पंचायत डोंगरगांव और नगर पंचायत छुरिया और दो दिन पूर्व डौण्डीलोहारा में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। समारोह में नगर पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष अंजु त्रिपाठी और अजय पटेल ने शपथ लेकर सभी अतिथियों और नगरवासियों का आभार व्यक्त किये। विधायक गजेन्द्र यादव ने नगर निगम राजनांदगांव के नवनिर्वाचित महापौर एवं नपं. डोंगरगांव, छुरिया के अध्यक्ष तथा पार्षद को नवीन दायित्व की शुभकामनायें दी। जनप्रतिनिधियों ने नगर के समग्र विकास और जनता की सेवा हेतु अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

**59वां क्षेत्रीय वार्षिक सम्मेलन में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का किया गया**

## छत्तीसगढ़ झेरिया गड़रिया धनकर समाज बालोद के राज अध्यक्ष चुने गए तीरथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

छत्तीसगढ़ झेरिया गड़रिया धनकर समाज बालोद राज का 59वां क्षेत्रीय वार्षिक सम्मेलन धनकर सदन में हुआ। समारोह में तीरथ धनकर को अध्यक्ष चुना गया। समारोह में धनकर समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का समाज द्वारा सम्मान किया गया। समारोह में विधायक संगीता सिन्हा मुख्य अतिथि थीं।

संगीता सिन्हा ने कहा कि जिस समाज में महिलाओं की सक्रियता रहती है, वह समाज तेजी से प्रगति करता है। संगीता सिन्हा ने कहा कि महिलाएं दोहरी भूमिका निभाती हैं। घर में पति, बेटे, बेटी, सास, ससुर की देखभाल करती हैं एवं सार्वजनिक जीवन में समाज व राष्ट्र के लिए कार्य करती हैं। महिलाएं परिवार की चिन्ता में स्वयं की देखभाल भूल जाती हैं, उन्हें स्वयं की भी देखभाल करनी चाहिए।



कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि डॉ ओंकार महमल्ला, धनकर समाज के अध्यक्ष खुमान सिंह धनकर, उपाध्यक्ष बहुर सिंह धनकर, सचिव हेमंत धनकर, कोशाध्यक्ष फागुराम धनकर, महिला अध्यक्ष बिरझाबाई धनकर, सहसचिव चन्द्रशेखर धनकर, संजूरानी धनकर, कार्यालय प्रभारी रामजीवन धनकर, केशव कुमार धनकर, राजकुमार धनकर, प्रांतीय प्रतिनिधि हीराराम धनकर, डीएन पाल, समाज सेवक बिसनाथ धनकर, संरक्षक सुखीतराम नायक, श्यामलाल धनकर, संतोष धनकर, लक्ष्मीचंद धनकर, अमरसिंह धनकर, केशव धनकर, देवधर धनकर, मंच संचालक तीरथराम धनकर उपस्थित थे।

### बच्चों को सीख देने के पहले स्वयं का आचरण सही रखें : संगीता

संगीता सिन्हा ने कहा कि महिला परिवारिक एवं सामाजिक दोनों जिम्मेदारी निभाती है, उन्हें आत्म सम्मान का ध्यान भी रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि मां जैसा व्यवहार अपने बुजुर्गों से करते हैं, बेटे–बेटी वैसा ही व्यवहार सीखते हैं। इसलिए बच्चों को सीख देने के पहले स्वयं के आचरण में ऐसा व्यवहार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि समस्या सबके जीवन में है। संघर्ष कर मेहनत कर आगे बढ़ना ही जीवन है।


## खबर संक्षेप



### ग्राम पंचायत रमपुरा जैतपुरी की निर्विरोध उपसरपंच बनीं दीपनंदनी

**बेमेतरा/नारायणपुर।** ग्राम पंचायत रमपुरा जैतपुरी में उप सरपंच के रूप में निर्विरोध दीपनंदनी पप्पू यादव सर्व समिति से पंचों ने उपसरपंच की जिम्मेदारी सौंपी गई। पूर्व सरपंच डॉ घनश्याम प्रसाद यादव ने कहा कि हमारा पंचायत निश्चित ही निष्पक्ष और गांव के लोगों के हित में कार्य करने में हमारे प्रतिनिधि सक्षम है। उनके उप सरपंच के मार्गदर्शन में निश्चित ही हमारा ग्राम पंचायत रमपुरा जैतपुरी विकास की ओर अग्रसर होगा। दीपनंदनी पप्पू यादव ने उप सरपंच नियुक्त होने पर पंचायत के जनप्रतिनिधियों और ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर ग्राम पंचायत रमपुरा जैतपुरी के सरपंच देवेंद्र सिंह पूर्व सरपंच डॉ घनश्याम प्रसाद यादव पूर्व सरपंच प्रतिनिधि कमलप्रसाद लहरें मारो मण्डल अध्यक्ष राकेश राजपूत युवा संगठन उपाध्यक्ष ऋषि राजपूत मीडिया प्रभारी देव यादव सहित पंच पुनीता बाई रमाशंकर, सुखराम यादव, देवचरण यादव, गौरी बाई चंद्रकुमार वर्मा, राजेश्वरी नरेंद्र वर्मा, लक्षण वर्मा, सविता राहुल लहरें, सीमा राजेश कुमार, सुनीता बाई रामकुमार, कीर्ति बाई मुकेश, राशरण वर्मा सहित सभी पंच एवं ग्रामीण तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायत बरगा में की उपसरपंच चुनी गईं पुन्नी



**बरगा।** ग्राम पंचायत बरगा में 8 मार्च को उपसरपंच पद के लिए चुनाव हुआ। सरपंच सहित 11 पंचों ने मतदान किया। इस चुनाव में पुन्नी कमलेश साहू ने 07 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। जबकि श्रवण साहू को 05 मत प्राप्त हुए। उपसरपंच निर्वाचित होने पर पुन्नी कमलेश साहू को राजकुमार साहू, लच्छीराम, चेतन शर्मा, भागवत साहू, गौतम साहू, अशोक साहू, गोपीराम साहू, डॉ टीकेन्द्र सहित पंचों ने शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत सदस्यों ने विश्वास जताया कि नवनिर्वाचित उपसरपंच ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देंगी और ग्रामवासियों की अपेक्षाओं पर खरी उतरेंगी। निर्वाचित उपसरपंच ने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए ग्राम विकास को प्राथमिकता देने की बात कही।

### ग्राम पंचायत केवाछी के उपसरपंच बने कृपा वर्मा



**बेमेतरा।** ग्राम पंचायत केवाछी में कृपा वर्मा जीत दर्ज कर उप सरपंच चुने गए। शनिवार चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई। उपसरपंच के लिए केवल दो ही नामांकन जमा हुए। उसके बाद पंचों ने मतदान किया। 14 सदस्यीय पंच वाली पंचायत केवाछी में सरपंच मिलाकर 15 वोट डाले गए। कृपा वर्मा को 08 मत मिले वहीं उनके प्रतिद्वंद्वी सुखनंदन साहू को 07 वोट मिले। इस तरह कृपा वर्मा उप सरपंच पद पर जीत दर्ज की। जीत के बाद ग्राम में रैली निकाली गई। उप सरपंच निर्वाचित होने के पश्चात कृपा वर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत को जिले में एक आदर्श पंचायत के रूप की पहचान देने कार्य करूंगा जिसमें सभी निर्वाचित पंचों व ग्राम के बड़े बड़ों का आशीर्वाद एवं युवाओं के सहयोग महत्वपूर्ण रहेगा।

### डुंडेरा में महाआरती का किया आयोजन

**उतई।** ग्राम डुंडेरा शास्त्री चौक में सतनामी समाज द्वारा गिरौदपुरी में झंडा रोहन के अवसर पर सप्तमी महाआरती व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजन किया गया। समाज के अध्यक्ष कीर्तन कोसरे ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार बाबा गुरु घासीदास जी के जन्मस्थली गिरौदपुरी में झंडा चढ़ाया जाता है।

---

**आयोजन : अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अभिव्यक्ति जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन**

# एसएसपी रामकृष्ण ने किया महिला पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में समुचित कार्य कर महिलाओं एवं बच्चों को न्याय दिलाने दिया जोर

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अभिव्यक्ति नारी सम्मान महिलाओं की सुरक्षा एवं महिलाओं के संवैधानिक, मौलिक अधिकारों के बारे में जिले के महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विस्तृत जानकारी प्रदान कर एक दूसरे का अभिवादन कर अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

पुलिस रक्षित केन्द्र में महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सम्मान समारोह में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने जिले के महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मान किया और अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उन्हे शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस दौरान सभी महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक दूसरे का अभिवादन कर अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की खुशियां मनाई। एसएसपी रामकृष्ण साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में समुचित कार्य कर महिलाओं एवं बच्चों को न्याय दिलाने, संरक्षण प्रदाय करने पर जोर देते हुए कहा कि महिलाओं द्वारा अपनी हुनर, काबिलियत और मजबूत इच्छाशक्ति से उस हर चुनौती का सामना सहित सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, प्रशासनिक क्षेत्र में भागीदारी के साथ-साथ क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई जा रही है। जिले में सभी के कार्यों में समन्वय स्थापित कर, महिलाओं एवं बच्चों को सशक्त बनाने उन्हें उचित विधिक सलाह प्रदाय करने की अपेक्षा कर सभी के सहयोग करने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला विनय कुमार द्वारा कार्यक्रम में सहभागिता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा मनोज तिर्की द्वारा किया गया। कार्यक्रम में निरीक्षक संतोषी ग्रेस, प्रधान आरक्षक खुबचंद बघेल, पन्ना लाल सिंहा, राकेश मरावी, महिला प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे, अनुपमा दुबे, पूनम ठाकुर, रीना गायकवाड, महिला आरक्षक सरला नामदेव, गीता मरकाम, सरला भारती, निकिता वैष्णव, द्रोपती ठाकुर, केशर जहां, सुशीला ध्रुव, अमरिका पटेल, राही यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



#### जागरूकता के लिए किए जा रहे हैं विविध कार्यक्रम

डीएसपी कौशिल्या साहू ने कहा कि एक आत्मनिर्भर महिला जितनी स्वतंत्र होकर अपनी बात और सोच समाज या परिवार के सामने है उतना आत्मविश्वास एक आम महिला में कम होता है क्योंकि आप या तो अपने पिता या पति पर निर्भर रहती है। आत्मनिर्भर महिला को अपने परिवार और समाज में सम्मान और अपने हिसाब से जीने की आजादी मिलती है। साथ ही कहा कि इस अभिव्यक्ति योजनान्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों से अवगत कराना और उनके खिलाफ हो रही हिंसा को रोकना था। जिले में महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

#### महिला सशक्तीकरण तो तभी होगा, जब वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होंगी

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महिला सशक्तीकरण तो तभी होगा, जब महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होंगी। यह आत्मनिर्भरता उनमें कुछ करने का आत्मविश्वास जागृत करने में सहायता प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को हमेशा सकारात्मक सोच के भाव को लेकर अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। आत्मनिर्भर महिला अपने परिवार और समाज के मध्य बेहतरीन समन्वय बनाकर खुशहाल भविष्य की रचना कर सकती है। हर महिला में कोई न कोई प्रतिभा छुपी होती है, आवश्यकता है बस उसे पहचानने की और उसे लक्ष्य बनाकर कार्य कर स्वयं को प्रसन्न रखने की। साथ ही उपस्थित महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियो को उनके संवैधानिक अधिकारों, घरेलू हिंसा से बचाव और महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई।

#### इनका हुआ सम्मान

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, डीएसपी कौशिल्या साहू, निरीक्षक संतोषी ग्रेस, महिला प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे, अनुपमा दुबे, पूनम ठाकुर, रीना गायकवाड़, महिला आरक्षक सरला नामदेव, गीता मरकाम, सरला भारती, निकिता वैष्णव, द्रोपती ठाकुर, केशर जहां, सुशीला ध्रुव, अमरिका पटेल, राही यादव एवं अन्य महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह/ प्रशस्ति पत्र/नगद ईनाम से पुरस्कृत कर उनका सम्मान व उनके कार्यों की सराहना किया गया।

---

## जामगांव में हुई गर्भवती महिलाओं की गोदभराई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम पंचायत जामगांव में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही साथ 6 माह की शिशु का अन्नप्राशन का कार्यक्रम भी किया गया। इस अवसर पर किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर महिला जागृति दिवस भी मनाया गया। सभी महिलाओं को जागरूक करने के लिए बहुत सारी बातें बताई। जिसमें शिशु सुरक्षा और स्वच्छता के बारे में बात की गई। महिलाओं के लिए खेल कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कुर्सी, गुब्बारा फुलाना, और फोटो में बिंदी लगा खेल रखा गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवनिर्वाचित सरपंच मनहरण साहू, अध्यक्ष के रूप में यादव राम पटेल एवं पंचगण, तथा महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक जय श्री देवांगन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्रोपदी साहू, झरना निषाद, सहायिका कामिन साहू, लीला साहू, मितानीन संगीता चंद्रवंशी, महेश्वरी देव कुँवर साहू, प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## संस्कार के बिना शिक्षा का कोई अर्थ नहीं : कल्पना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मां भद्रकाली शिक्षण समिति एवं ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल ने महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर अलका तिवारी ने की। मुख्य अतिथि कल्पना योगेश तिवारी अध्यक्ष जिला पंचायत बेमेतरा थीं एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, विकास तंबोली पार्षद, रवि मुलवानी पार्षद, हर्षवर्धन तिवारी सामाजिक कार्यकर्ता, समिति के सचिव दिनेश पटेल भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार की भी युवा पीढ़ी में आवश्यक है। संस्कार के बिना शिक्षा का कोई अर्थ नहीं है। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि नारी त्याग का साक्षात स्वरूप है। बिना नारी के एक सभ्य समाज का निर्माण संभव नहीं है। विशिष्ट अतिथि निताशा त्यागी ने मानव संबंधों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए जीवन में संबंधों के निर्वाह के महत्व को बताया। कार्यक्रम में क्षेत्र की विभिन्न महिलाओं को समाज के प्रति अपने उत्कृष्ट योगदान के लिये समिति द्वारा सम्मानित किया एवं प्रतीक चिन्ह शाल श्रीफल और प्रशस्ति पत्र देकर आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम में शिक्षिकाओं में अदिति,हिशालिनी, यानिका निकिता ने मनमोहन नृत्य एवं सुनिधि, देवीका, रंजना, परमेश्वरी, साक्षी, अनिशा ने नाटक प्रस्तुति कर नारी की अस्मिता त्याग साहस को प्रस्तुत किया। विद्यालय के शिक्षक अजय चंद्राकर ने मां की ममता पर शानदार गीत प्रस्तुत किए एवं शिक्षकों द्वारा नारी सम्मान में गीत प्रस्तुत किया।

समिति अध्यक्ष अविनाश तिवारी ने कहा कि समाज के उत्थान में नारी की भूमिका अहम है वही विद्यालय के प्राचार्या डॉक्टर अलका तिवारी ने नारी के सक्रिय सकारात्मक योगदान के महत्व का वर्णन करते हुए अपने जीवन के कुछ महत्वपूर्ण अनुभव साझा किए। हमारे बेमेतरा के महिलाओं ने जिले में ही नहीं अपितु पूरे राज्य स्तर, राष्ट्रीय स्तर पर अपने कार्यों के द्वारा बेमेतरा जिले को अवगत कराया। कार्यक्रम में शारदा तिवारी, डॉ वीणा त्रिपाठी, डॉ चेतना मिश्रा, उमा तिवारी, ममता तिवारी, नीतू कोठारी, भाग्यश्री पोल, सीमा द्विवेदी, कनक लता मिश्रा, सीए संजना सलूजा,रीना साहू, शिखा चौबे, दीपा तिवारी, सुषमा शुक्ला, सुनीता यादव, करुणा तिवारी, बबीता रोहरा, कीर्ति सिंघानिया, वर्षा चौबे, वर्षा गौतम, विनोद राघव, स्वीटी सलूजा, कमलेश तिवारी, संतोषी तिवारी, नीलिमा तिवारी, अंजना तिवारी, निम्मी पटेल, बेबी साहू,रामेश्वरी साहू, नीलू तिवारी,आरती साहू, मनीषा राकेश शर्मा, पार्वती दुबे,पूर्णिमा पटेल, अनीता साहू, मंजू मोटवानी, अनीता सिंह, मंजू उइके, शिल्पा त्यागी, मेघा तिवारी, साथ ही विद्यालय के शिक्षिकाओं में दीप्ति साहू, उषा दीवान, सरला पांडे, निर्मला साहू, किरण अग्रवाल, पूनम सलूजा, बरखा शर्मा, सविता वैष्णव, राजश्री तिवारी, प्रेमलता यदु, अभिलाषा शर्मा, एकता सलूजा, शालिनी शर्मा, पूजा नामदेव,ममता त्रिपाठी,सुधा तिवारी तरण कौर, सभी का सम्मानित कर कार्यक्रम को सफल बनाया एवं ज्ञानोदय परिवार के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। मंच संचालन दुष्यंत साहू, विकास शर्मा, भूपेंद्र साहू ने किया।

#### मां भद्रकाली शिक्षण समिति ने द्वारा आयोजित महिला दिवस कार्यक्रम में शामिल हुईं जिपं अध्यक्ष




#### खेल प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन

कार्यक्रम में उपस्थित सभी माताओं एवं बहनों के लिए खेल का आयोजन एवं प्रश्नोत्तरी के माध्यम से कार्यक्रम में रोमांच बना रहा। आयोजित खेल में बहुत से प्रतिभागी शामिल हुए जिसमें पासिंग इन द पास में प्रथम स्थान निम्मी पटेल एवं द्वितीय स्थान वर्षा गौतम ने प्राप्त किया साथ ही दूसरा खेल ग्लास रेस गेम में प्रथम स्थान अंजना तिवारी ने और द्वितीय स्थान शारदा तिवारी ने अर्जित किया।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पांच शिक्षिकाओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 08 मार्च को जिला प्रशासन द्वारा आयोजित महिला सम्मान समारोह में जिले के शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। इनमें शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर की प्रधान पाठिका गिरजा पटेल, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बेमेतरा की अधीक्षिका भारती घृतलहरे, शासकीय प्राथमिक शाला मगरघटा की नवाचारी शिक्षिका शीतल बैस, शासकीय प्राथमिक शाला ढोलिया की शिक्षिका सुकन्या राजपूत, और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव की व्यायाम शिक्षिका शामिल हैं। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार हेतु गिरिजा पटेल प्रधान पाठिका शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर को बेमेतरा जिलाधीश रणबीर शर्मा, साजा विधायक ईश्वर साहू, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू के कर कमलों से प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। अतिथियों ने कहा कि महिला को सशक्त होने के लिए शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। महिलाओं को केवल महिला दिवस पर ही नहीं अपितु सभी जगह और समय पर सम्मान और समानता की आवश्यकता है। विदित हो कि गिरिजा पटेल को उनके श्रेष्ठ कार्यों नवाचारी गतिविधियों के कारण संभाग स्तरीय श्रेष्ठ प्रधान पाठक का पुरस्कार, ज्योतिबा फुले, सावित्री बाई फूले, वुमनया सम्मान, उत्कृष्ट सेवा से भी सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, सदस्य प्रीति गोविंद पटेल और साथ ही पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू भी उपस्थित रहे। उक्त सम्मान प्राप्त होने पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे, डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे, डाइट व्याख्याता थलज कुमार साहू, एपीसी भूपेंद्र कुमार साहू, बीआरसी साजा बी डी बघेल, बीईओ नीलेश चंद्रवंशी, प्रधान पाठक घनश्याम सोनी, हरि केडिया, घनश्याम देवांगन, हिम कल्याणी सिन्हा, चंदा सिन्हा, वर्षा जैन, प्रतीक जैन, गायत्री जोगी, अम्बालिका पटेल, अहिल्या कुंजाम, मैमूना सुल्ताना, वीणा रावटे, श्वेता वर्मा, आशुतोष चौबे, सीएसी जितेंद्र कुंजाम, सहित सभी शुभचिंतकों ने बधाई दी है।



---

**नगर सहित आसपास के बाजारों में हो रही अच्छी आवक**

## बढ़ते तापमान के साथ तरबूज की मांग बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

क्षेत्र में इन दोनों तरबूज की आवक एवं मांग दोनों बढ़ी है। मार्च में गर्मी प्रारंभ होने के साथ ही तरबूज बाजार में पहुंच गया है। शहर में कोई ठेले पर रखकर तो कोई जमीन पर रखकर बिक्री कर रहे हैं। विक्रेता इन्हें साइज देखकर वजन के हिसाब से कीमत लगा रहे हैं। क्योंकि गर्मी अब धीरे-धीरे बढ़ रही है इसलिए उनके धंधे भी अच्छे होने की उम्मीद है। नवीन बाजार पर एवं बाजार पारा सहित नए बस स्टेंड व चौक पर तरबूज बिक रहा हैं। तरबूज भी दो प्रकार के हैं। एक गाढ़ी काई कलर के गोल तरबूज एवं एक हल्की हरे रंग की धारीदार वाली तरबूज। नई फसल होने के कारण तरबूज के मूल्य 60 से लेकर 70 रूपए प्रति किलो के हिसाब से बेचा जा रहा है जैसे-जैसे गर्मी बढती जाएगी तरबूज के मूल्य में बढ़ोतरी भी होती जाएगी। गर्मी के पिक फलस्वरुप लोगों को बाहर से आयातित तरबूज खरीद कर खाना पड़ रहा है। सीजन में तरबूज 100 से लेकर 120 रूपए प्रति किलो के हिसाब से भी बिकने लगेगा।

#### तरबूज में भरपूर पोषक तत्व एवं 90 प्रतिशत पानी की मात्रा



जानकारी के मुताबिक तरबूज में 90 प्रतिशत से ज्यादा पानी होता है एवं मीठा होता है। आकार में बड़ा, छोटा दोनों प्रकार का होता है। गले को तर करने और गर्मी को दूर करने का तरबूज एक अच्छा विकल्प है जो न केवल प्यास बुझाता है बल्कि भूख को भी शांत करता है। इसमें कई पोषक तत्व पाया जाता है जिसके कारण शरीर से जुड़ी समस्याओं को दूर करने का काम आता हैं। डॉक्टरों के मुताबिक तरबूज में फाइबर, पोटेशियम आयरन और विटामिन ए, विटामिन सी एवं विटामिन बी से भरपूर होता है इसमें लाइकोपीन नामक तत्व बनता है यह एंटीऑक्सीडेंट की तरह काम करता है और इसी से फल को गहरा लाल रंग मिलता है।


स्वामी जी
93406-38884
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक
21 मार्च 2025
02 अप्रैल 2025
11 अप्रैल 2025
09 मई 2025
23 मई 2025
06 जून 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 11 मई, 22 मई, 25 मई, 02 जून, 05 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411